# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

सत्यमेव जयते

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

**Section : RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** थावर चंद गहलोत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. वह कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले मध्य प्रदेश के पहले व्यक्ति हैं।
2. वह कर्नाटक के 19वें राज्यपाल हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

Ans A) 1 और 2 दोनों B) न तो 1 और न ही 2 C) केवल 2 D) केवल 1

**Correct Answer: A**

**Q.2** एक नाव जितने समय में धारा की दिशा में 36 km जा सकती है, उतने ही समय में वह धारा की विपरीत दिशा में 24 km जा सकती है। यदि धारा की चाल 3 km/h है, तो स्थिर जल में नाव की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A) $12\ \mathrm{km/h}$ B) $21\ \mathrm{km/h}$ C) $15\ \mathrm{km/h}$ D) $18\ \mathrm{km/h}$

**Correct Answer: C**

**Q.3** समूह A में 78 सदस्य, समूह B में 22 सदस्य और समूह C में 34 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य द्वारा खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹136, ₹383 और ₹457 है। प्रति सदस्य खर्च की गई समग्र औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A) 258 B) 256 C) 261 D) 255

**Correct Answer: A**

**Q.4** अवपरमाणुक (subatomic) कणों की खोज से डाल्टन के परमाणु सिद्धांत की कौन-सी अभिधारणा (postulate) गलत सिद्ध हुई?

Ans A) विभिन्न तत्वों के परमाणुओं का द्रव्यमान भिन्न-भिन्न होता है। B) रासायनिक अभिक्रियाओं में परमाणु अपनी पहचान बनाए रखते हैं।
C) समान तत्व के समस्थानिकों का द्रव्यमान भिन्न-भिन्न होता है। D) द्रव्य (Matter) अविभाज्य परमाणुओं से बना होता है।

**Correct Answer: D**

**Q.5** 1990 तक GDP में किस क्षेत्रक के शेयर में अत्यधिक वृद्धि हुई, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को दर्शाती है?

Ans A) खनन B) कृषि C) उद्योग D) सेवा

**Correct Answer: C**

**Q.6** उस चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल, एक त्रिभुज PQR के क्षेत्रफल का दोगुना है। त्रिभुज PQR की भुजाओं का अनुपात 4 : 5 : 6 है और त्रिभुज का परिमाप 90 cm है। ($\sqrt{7} = 2.6$ का उपयोग कीजिए)

Ans A) 698 cm2 B) 702 cm2 C) 656 cm2 D) 763 cm2

**Correct Answer: B**

**Q.7** किन दो पड़ोसी देशों की संयुक्त स्थल सीमा, चीन की स्थल सीमा से लंबी है?

Ans A) पाकिस्तान और नेपाल B) बांग्लादेश और पाकिस्तान C) भूटान और अफगानिस्तान D) नेपाल और म्यांमार

**Correct Answer: B**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.8** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(6,3,14)
(14,8,27)

Ans A) (6,15,21) B) (14,87,26) C) (16,25,31) D) (19,12,36)

Correct Answer: D

**Q.9** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। V और T के बीच केवल पाँच व्यक्तियों की परीक्षा होती है। R और T के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। Q की परीक्षा R के ठीक बाद होती है। S की परीक्षा P से ठीक पहले होती है, लेकिन T के बाद होती है। P और U के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans A) तीन B) चार C) दो D) एक

Correct Answer: C

**Q.10** कौन-सी प्रमुख प्रौद्योगिकीय उन्नति चौथी पीढ़ी के कंप्यूटरों में अभिलक्षित होती है?

Ans A) वैक्यूम ट्यूब (Vacuum tubes) B) इंटीग्रेटेड सर्किट (Integrated circuits) C) माइक्रोप्रोसेसर (Microprocessors) D) ट्रांजिस्टर (Transistors)

Correct Answer: C

**Q.11** त्रिभुज PQR में, ∠QOR = 130° है, जहाँ O त्रिभुज PQR का अंतःकेंद्र है। ∠QPR का माप कितना है?

Ans A) 80° B) 60° C) 70° D) 50°

Correct Answer: A

**Q.12** स्टारफिश जैसे एकाइनोडर्म में जल वाहिकीय प्रणाली (water vascular system) का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans A) इंद्रिय प्रत्यक्षीकरण (Sensory perception) B) गैस विनिमय (Gas exchange) C) जनन (Reproduction) D) गमन और भोजन (Locomotion and feeding)

Correct Answer: D

**Q.13** उत्तर अयनांत तब होता है जब सूर्य निम्नलिखित में से किस अक्षांश पर प्रत्यक्ष रूप से शिरोपरि होता है?

Ans A) मकर रेखा B) आर्कटिक वृत्त C) भूमध्य रेखा D) कर्क रेखा

Correct Answer: D

**Q.14** बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अनुसार, बैंक में 'सबस्टेंशियल इंटरेस्ट (substantial interest)' की सीमा को ₹5 लाख से संशोधित करके निम्नलिखित में से कितनी राशि किया गया है?

Ans A) ₹1 करोड़ B) ₹2 करोड़ C) ₹50 लाख D) ₹5 करोड़

Correct Answer: B

**Q.15** गिरीश ने एक परीक्षा में 572 अंक प्राप्त किए जो कि पूर्णांक के 28% से 30 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 473 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans A) 21% B) 24% C) 22% D) 23%

Correct Answer: C

**Q.16** किसी संख्या के 20% का मान, 620 के 20% से 210 अधिक है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A) 1770 B) 1720 C) 1520 D) 1670

Correct Answer: D

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा कस्टमाइज़्ड एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का सर्वोत्तम रूप से प्रतिनिधित्व करता है?

Ans A) इमेज व्यूअर B) स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर C) मीडिया प्लेयर D) किसी कंपनी के लिए पेरोल मैनेजमेंट सिस्टम

Correct Answer: D

**Q.18** दो संख्याओं का योग 56 है। उनका अंतर उनके योग का $\frac{1}{7}$ है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans A) 96 B) 72 C) 63 D) 84

Correct Answer: A

**Q.19** P किसी वस्तु को Q को 50% लाभ पर बेचता है। Q उसी वस्तु को R को 60% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹3234 का भुगतान किया, तो P द्वारा वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर खरीदा गया था?

Ans A) 5391 B) 5390 C) 5387 D) 5393

Correct Answer: B

**Q.20** जुलाई 2025 में 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (International Defence Industry Fair - IDEF) में तुर्की द्वारा प्रदर्शित किए गए शक्तिशाली गैर-परमाणु बम का नाम क्या है?

Ans A) फैंटम-X (Phantom-X) B) गज़ाप (Gazap) C) नेबुला (Nebula) D) टाइटन (Titan)

Correct Answer: B

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.21** नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
7 - 21 - 31 - 62; 9 - 27 - 37 - 74

Ans A) 11-33-43-86 B) 6-18-28-76 C) 12-36-46-82 D) 8-32-42-84

**Correct Answer: A**

**Q.22** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
A # B का अर्थ है 'A, B की बहन है',
A + B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E + R @ D% N # B' है, तो E का B से क्या संबंध है?

Ans A) माता B) पत्नी C) भाई की पत्नी D) बहन

**Correct Answer: C**

**Q.23** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी केले, सेब हैं।
सभी सेब, अंगूर हैं।
कुछ अंगूर, संतरे हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी अंगूर, केले हैं।
(II) सभी संतरे, सेब हैं।

Ans A) न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है B) दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं C) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: A**

**Q.24** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
C के नीचे केवल दो व्यक्ति रहते हैं। B और C के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। A, E के ऊपर लेकिन C के नीचे रहता है। F, D के ऊपर नहीं रहता है।
B के ठीक नीचे कौन रहता है?

Ans A) C B) D C) A D) F

**Correct Answer: B**

**Q.25** दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
FZN 4 XRF 6 PJX 9 HBP 13 ?

Ans A) LFR 17 B) XHD 19 C) ZKW 21 D) ZTH 18

**Correct Answer: D**

**Q.26** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रशासनिक नवाचार अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल से संबंधित है?

Ans A) मनसबदारी व्यवस्था का निर्माण B) बाजार कीमतों और राशन-व्यवस्था का विनियमन C) सैन्य सुधारों के लिए दीवान-ए-अर्ज की नींव D) इक्ता व्यवस्था की स्थापना

**Correct Answer: B**

**Q.27** कौन-सा क्षेत्रक ऑनलाइन लेनदेन, पेरोल प्रसंस्करण, इन्वेंट्री नियंत्रण और डेटा विश्लेषण के लिए कंप्यूटर का उपयोग करता है?

Ans A) सेवा उद्योग B) अनुसंधान C) व्यापार और वाणिज्य D) विनिर्माण संयंत्र

**Correct Answer: C**

**Q.28** 8-अंकीय संख्या 816A0408 के 4 से विभाज्य होने के लिए A का अधिकतम मान कितना होना चाहिए?

Ans A) 5 B) 7 C) 4 D) 9

**Correct Answer: D**

**Q.29** यदि द्विघात समीकरण $A(8x^2 + 4) + Bx + 4x^2 - 8 = 0$ और $3A(2x^2 + 1) + Kx + 3x^2 - 6 = 0$ दोनों के मूल उभयनिष्ठ हैं, तो $9B^2 - 16K^2$ का मान क्या है?

Ans A) 0 B) −1 C) 2 D) 1

**Correct Answer: A**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.30** स्वतंत्रता-पूर्व काल में भारत में सबसे अंत में आने वाली और सबसे अंत में जाने वाली यूरोपीय शक्ति कौन-सी थी?

Ans A) अमेरिकी B) फ्रांसीसी C) पुर्तगाली D) डच

Correct Answer: C

**Q.31** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर से (प्रतिशत में) 16 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

Ans A) 12.5 B) 4.25 C) 6.25 D) 8.25

Correct Answer: C

**Q.32** निम्नलिखित में से किस प्रमुख नेता ने बारदोली सत्याग्रह (1928) का नेतृत्व किया था?

Ans A) बाल गंगाधर तिलक B) गोपालकृष्ण गोखले C) सरदार वल्लभभाई पटेल D) सी. राजगोपालाचारी

Correct Answer: C

**Q.33** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 38 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 38 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans A) 4 B) 1 C) 3 D) 2

Correct Answer: B

**Q.34** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BELI' को '6315' के रूप में और 'EVIL' को '9653' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'V' के लिए कूट क्या है?

Ans A) 7 B) 3 C) 6 D) 9

Correct Answer: D

**Q.35** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : IGC :: TRN : %**

Ans A) # = LGY; % = QJH B) # = LJF; % = QOK C) # = LJK; % = QNJ D) # = JKF; % = QJH

Correct Answer: B

**Q.36** 86वें संशोधन में निम्नलिखित में से किससे संबंधित एक नया मौलिक कर्तव्य शामिल किया गया?

Ans A) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा B) बच्चों के शिक्षण C) पर्यावरण के संरक्षण D) राष्ट्र की रक्षा

Correct Answer: B

**Q.37** 13 संख्याओं का औसत 8 है। यदि प्रत्येक संख्या को 7 से गुणा किया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans A) 7 B) 56 C) 13 D) 8

Correct Answer: B

**Q.38** 300 ईसा पूर्व और 300 ईस्वी के बीच संकलित दक्षिण-भारत का संगम साहित्य मुख्य रूप से किस भाषा में लिखा गया था?

Ans A) प्राकृत B) संस्कृत C) पालि D) तमिल

Correct Answer: D

**Q.39** दिल्ली सल्तनत के प्रशासन में सुल्तान को परामर्श देने और सहायता करने वाले चालीस लोगों के दल (Group of Forty) की स्थापना निम्नलिखित में से किस शासक ने की थी?

Ans A) कुतुबुद्दीन ऐबक B) इल्तुतमिश C) अलाउद्दीन खिलजी D) बलबन

Correct Answer: B

**Q.40** लगभग 2500 ईसा पूर्व का कौन-सा हड़प्पा शहर अपने व्यापारिक बंदरगाह के लिए प्रसिद्ध है, जो कि व्यापार के लिए उन्नत स्थापत्य योजना को दर्शाता है?

Ans A) मोहनजोदड़ो B) कालीबंगन C) धोलावीरा D) लोथल

Correct Answer: D

**Q.41** प्राचीन इंडो-ब्रह्मा नदी का सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जल निकासी प्रणालियों में विभाजन मुख्य रूप से किस भूवैज्ञानिक घटना के कारण हुआ माना जाता है?

Ans A) अत्यंतनूतन प्रोत्थान (Pleistocene upheaval) B) ज्वालामुखीय उद्भेदन C) अपरदन द्वारा नदी प्रग्रहण (River capture by erosion) D) हिमनदीय गलन

Correct Answer: A

**Q.42** निम्नलिखित में से कौन-सी एक तृतीयक गतिविधि है?

Ans A) जूते चमकाना B) खनिज निष्कर्षण C) इस्पात निर्माण D) धातु कर्मण

Correct Answer: A

**Q.43** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
**VPG 7, ZTK 11, DXO 15, HBS 19, ?**

Ans A) LGY 24 B) LFW 23 C) LEU 23 D) MGX 23

Correct Answer: B

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.44** एक परिकल्पित खरगोशों की आबादी पर विचार कीजिए, जो वृद्धिघाती वृद्धि से गुजर रही है। यदि उनके पर्यावरण की वहन क्षमता 1000 व्यष्टि है तथा वर्तमान आबादी 500 है, तो आबादी में कौन-सा परिवर्तन होना अपेक्षित है?

**Ans** A) संसाधनों की कमी के कारण आबादी शीघ्रता से घटेगी। B) आबादी की वृद्धि धीमी हो जाएगी और अंततः वहन क्षमता के निकट स्थिर हो जाएगी। C) आबादी बिना किसी बाधा के चरघातांकी रूप से बढ़ती रहेगी। D) आबादी में अचानक गिरावट आएगी और फिर शीघ्रता से वृद्धि होगी।

**Correct Answer: B**

---

**Q.45** एक मीनार, भूमि पर ऊर्ध्वाधर रूप से खड़ी है। भूमि पर एक बिंदु से जो एक मीनार के आधार से 28.6 m दूर स्थित है, टावर के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

**Ans** A) 28.6 m B) 26.6 m C) 22.6 m D) 24.6 m

**Correct Answer: A**

---

**Q.46** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sqrt[3]{6859}}{\sqrt[4]{256}} \times \frac{2}{57} \times 168 = ?$$

**Ans** A) 38 B) 30 C) 28 D) 37

**Correct Answer: C**

---

**Q.47** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S - K ÷ T × V + P' है, तो S का P से क्या संबंध है?

**Ans** A) माता की बहन B) पिता की बहन C) माता की माता D) पिता की माता

**Correct Answer: C**

---

**Q.48** यदि $a : b = 2 : 3$ है, तो $(7a^3 - 2b^3) : (b^3 - a^3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A) 2 : 19 B) 3 : 14 C) 13 : 6 D) 3 : 11

**Correct Answer: A**

---

**Q.49** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से VASE का संबंध ZEOA से है। उसी प्रकार, DIKW का संबंध HMGS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LQCO का संबंध निम्न में से किससे है?

**Ans** A) QVZL B) OTXJ C) PUYK D) QUXL

**Correct Answer: C**

---

**Q.50** NSO और MoSPI द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (GVA) में नकारात्मक वृद्धि दर देखी गई?

**Ans** A) निर्माण क्षेत्र B) खनन और उत्खनन क्षेत्र C) कृषि और संबद्ध क्षेत्र D) तृतीयक क्षेत्र

**Correct Answer: B**

---

**Q.51** दिसंबर 2025 में, वित्त मंत्री ने राज्यों से किस राजकोषीय ढांचे के अधीन निर्धारित सीमाओं के भीतर अपने ऋण का प्रबंधन करने की अपील की है?

**Ans** A) नीति (NITI) आयोग B) GST C) FRBM D) मौद्रिक नीति

**Correct Answer: C**

---

**Q.52** निम्नलिखित बंटन के माध्य अंक ज्ञात कीजिए।

| प्राप्त अंक | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 81 | 15 |
| 35 | 4 |
| 73 | 3 |
| 56 | 16 |

**Ans** A) 51 B) 60 C) 65 D) 74

**Correct Answer: C**

---

**Q.53** कौन-सा विधान, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) के सृजन और प्रचालन के लिए विधिक आधार बनाता है?

**Ans** A) सेवा विषयक अधिनियम, 1990 B) अधिकरण सुधार अधिनियम, 1980 C) प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 D) न्यायपालिका अधिनियम, 1971

**Correct Answer: C**

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.54** A, B, C, D, E और F एक ही भवन के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। भवन में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D के ऊपर केवल पांच व्यक्ति रहते हैं। A के ऊपर केवल दो व्यक्ति रहते हैं। C, F के नीचे लेकिन A ऊपर रहता है। B सम क्रमांक वाले तल पर नहीं रहता है।
C के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A) तीन B) चार C) दो D) एक

**Correct Answer: B**

**Q.55** सात व्यक्ति F, G, H, I, V, W, और X एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W के दाईं ओर दूसरे स्थान पर I बैठा है। F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर I बैठा है। X के बाईं ओर तीसरे स्थान पर V बैठा है। W और F दोनों का निकटतम पड़ोसी G है। H के बाईं ओर से गणना करने पर, H और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A) दो B) एक C) एक भी नहीं D) तीन

**Correct Answer: D**

**Q.56** यदि किसी आंकड़े की माध्यिका, उसके बहुलक से 61.54 कम है, तो आंकड़े की माध्यिका, उसके माध्य से ________अधिक होगी। (उत्तर ज्ञात करने के लिए मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans A) 30.77 B) 32.03 C) 28.47 D) 36.77

**Correct Answer: A**

**Q.57** निम्नलिखित में से किस राज्य में कर्तन और दहन कृषि (slash and burn agricultur) को 'कुरुवा (Kuruwa)' के नाम से जाना जाता है?

Ans A) झारखंड B) मध्य प्रदेश C) अरुणाचल प्रदेश D) राजस्थान

**Correct Answer: A**

**Q.58** उस सम षट्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी भुजा की लंबाई 14√3 cm है।

Ans A) 441√3 cm2 B) 294√3 cm2 C) 882√3 cm2 D) 509√3 cm2

**Correct Answer: C**

**Q.59** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CARD' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NEAT' को '3574' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans A) 3 B) 7 C) 6 D) 4

**Correct Answer: D**

**Q.60** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(20, 46, 2)
(32, 136, 24)

Ans A) (32, 93, 11) B) (6, 42, 10) C) (13, 25, 1) D) (17, 78, 16)

**Correct Answer: B**

**Q.61** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 318 745 472 123 672 (दाएं)

(उदाहरण- 697 में, पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7 है)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A) 0 B) 2 C) 3 D) 1

**Correct Answer: D**

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.62 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच छात्राओं - ईशा, कविता, मीनल, निशा और प्रीति - ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। दूसरा सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किया?
(I) मीनल ने ईशा से अधिक लेकिन निशा से कम अंक प्राप्त किए।
(II) प्रीति ने मीनल से अधिक लेकिन निशा से कम अंक प्राप्त किए।

Ans A) कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
B) कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C) कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D) प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।

Correct Answer: C

Q.63 एक फ़ाइल का नाम हाइलाइट किया गया है, और आप इसे ओरिजिनल फ़ोल्डर में रखते हुए, किसी दूसरे फ़ोल्डर में कॉपी करना चाहते हैं। कौन-से चरण इस कार्य से मेल खाते हैं?

Ans A) पहले Ctrl + X प्रेस करें, फिर Ctrl + V प्रेस करें B) पहले Ctrl + C प्रेस करें, फिर Ctrl + V प्रेस करें C) पहले Ctrl + S प्रेस करें, फिर Ctrl + V प्रेस करें
D) पहले Ctrl + C प्रेस करें, फिर Ctrl + B प्रेस करें

Correct Answer: B

Q.64 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

89 87 84 79 72 ?

Ans A) 59 B) 63 C) 61 D) 57

Correct Answer: C

Q.65 अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा पुदुचेरी के प्रशासकों को ________ के रूप में नामित किया गया है।

Ans A) उपराज्यपाल (Lieutenant Governor) B) राज्यपाल (Governor) C) प्रशासक (Administrator) D) मुख्यमंत्री (Chief Minister)

Correct Answer: A

Q.66 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A) DZV B) WSN C) PLG D) BXS

Correct Answer: A

Q.67 दुबई में आयोजित 2025 ICC चैंपियंस ट्रॉफी में, भारत ने किस देश को हराकर मेंन्स सीनियर क्रिकेट (men's senior cricket) में अपना सातवां ICC खिताब जीता?

Ans A) इंग्लैंड B) न्यूजीलैंड C) ऑस्ट्रेलिया D) दक्षिण अफ्रीका

Correct Answer: B

Q.68 किस संस्थान ने दिसंबर 2025 में "भारत में उच्च शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण: संभावनाएं, क्षमता और नीतिगत अनुशंसाएं" शीर्षक वाली नीति रिपोर्ट जारी की?

Ans A) नीति आयोग B) शिक्षा मंत्रालय C) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग D) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

Correct Answer: A

Q.69 किस सांस्कृतिक एवं संगीत मंडली ने दिसंबर 2025 में अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाई?

Ans A) सत्यजीत रे सोसायटी (Satyajit Ray Society) B) इंडिया पैनोरमा (India Panorama) C) रोबीर किरण (Robir Kiran) D) कला मंदिर (Kala Mandir)

Correct Answer: C

Q.70 एक घनाकार लकड़ी का ब्लॉक है जिसकी प्रत्येक भुजा 8 मीटर लंबी है।
इस ब्लॉक से 1 मीटर व्यास और 4 मीटर ऊँचाई वाले अधिकतम संभव संख्या में बेलन काटे गए। इन बेलनों को ₹14 प्रति वर्ग मीटर की दर से पेंट किया जाना है।
यदि प्रत्येक बेलन के संपूर्ण पृष्ठ को पेंट किया जाता है, तो सभी बेलनों को पेंट करने के लिए आवश्यक कुल धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A) 23,455 B) 25,344 C) 24,527 D) 24,325

Correct Answer: B

Q.71 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। सभी संख्याएँ केवल एक-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) © 3 @ 8 5 1 £ 1 6 1 5 7 2 8 # € £ © € © 1 3 (दाएँ)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans A) 3 B) 2 C) 0 D) 1

Correct Answer: D

Q.72 साप्ताहिक पत्रिका यंग इंडिया निम्नलिखित में से किससे संबंधित थी?

Ans A) जवाहरलाल नेहरू B) गोपाल कृष्ण गोखले C) महात्मा गांधी D) बाल गंगाधर तिलक

Correct Answer: C

Q.73 16 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित भारत-MERCOSUR अधिमान्य व्यापार समझौते (India–MERCOSUR Preferential Trade Agreement) पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans A) एक सार्व मुद्रा स्थापित करना B) रक्षा नीतियों का समन्वय करना C) शिक्षा प्रणालियों का मानकीकरण करना D) व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना

Correct Answer: D

Q.74 2019-2020 में भारतीय रेलवे की मार्ग लंबाई (route length) कितनी थी?

Ans A) 67,415 km B) 66,935 km C) 66,918 km D) 67,956 km

Correct Answer: D

Q.75 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

20 D 8 A 2 C 1 B 5 = ?

Ans A) 20 B) 23 C) 21 D) 22

Correct Answer: C

Q.76 भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA) पर कब हस्ताक्षर किए गए थे, जो 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हुआ?

Ans A) मार्च 2024 B) जनवरी 2025 C) सितंबर 2025 D) अगस्त 2024

Correct Answer: A

Q.77 वर्तमान में, शरद की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है और उसकी पुत्री उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 63 वर्ष था, तो शरद की वर्तमान आयु (वर्ष में) क्या है?

Ans A) 45 B) 35 C) 55 D) 50

Correct Answer: A

Q.78 2025 में, किस भारतीय उच्च न्यायालय ने 'जिला न्यायपालिका में AI टूल के उपयोग संबंधी नीति (Policy Regarding the Use of AI Tools in District Judiciary)' का अग्रणी आदेश जारी किया, और न्यायिक कार्यों में कृत्रिम बुद्धि (AI) के उपयोग के लिए व्यापक दिशानिर्देश तैयार करने वाला देश का पहला न्यायालय बन गया?

Ans A) दिल्ली उच्च न्यायालय B) बॉम्बे उच्च न्यायालय C) केरल उच्च न्यायालय D) मद्रास उच्च न्यायालय

Correct Answer: C

Q.79 द्रवचालित लिफ्ट और द्रवचालित ब्रेक की कार्यप्रणाली निम्नलिखित में से किस पर आधारित है?

Ans A) गे-लुसैक का नियम (Gay-Lussac's law) B) फैराडे का नियम (Faraday's law) C) कूलॉम का नियम (Coulomb's law) D) पास्कल का नियम (Pascal's law)

Correct Answer: D

Q.80 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ नहरें, नदियाँ हैं।
कुछ नदियाँ, महासागर हैं।
कुछ महासागर, तालाब हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी तालाब, नदियाँ हैं।
(II) सभी महासागर, नहरें हैं।

Ans A) केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B) न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C) केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D) दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

Correct Answer: B

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.81** P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाएँ से गिनती करने पर U और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। V और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। T के बाएँ से गिनती करने पर T और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A) 4 B) 3 C) 2 D) 1

**Correct Answer: D**

**Q.82** हितेश को किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{6}{15}$ पर बेचने से 28% की हानि होती है। यदि वह उसे उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 89% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा?

Ans A) 60.5% B) 59.2% C) 60.2% D) 60.7%

**Correct Answer: C**

**Q.83** 60 km/hr की चाल से चल रही एक ट्रेन, विपरीत दिशा में 84 km/hr की चाल से चल रही दूसरी ट्रेन को 30 सेकंड में पार करती है। दोनों ट्रेनों की संयुक्त लंबाई (m में) कितनी होगी?

Ans A) 1000 B) 1300 C) 1200 D) 1100

**Correct Answer: C**

**Q.84** यदि $(y-12)=4\sqrt{5}$ है, तो $\sqrt{y-3}-\frac{1}{\sqrt{y-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A) 8 B) 4 C) 9 D) 6

**Correct Answer: B**

**Q.85** आनंद के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, अनिल और अशोक के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 15 वर्षों के बाद अनिल के निवेश का मिश्रधन, 16 वर्षों के बाद अशोक के निवेश के मिश्रधन के बराबर है। आनंद ने अशोक को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans A) 670 B) 520 C) 737 D) 837

**Correct Answer: A**

**Q.86** निम्नलिखित में से कौन-सी तिब्बती-बर्मी भाषा है जिसे भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है?

Ans A) बोडो B) मैथिली C) संथाली D) कोंकणी

**Correct Answer: A**

**Q.87** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से EGDH का संबंध FIFI से है। उसी प्रकार, JMHL का संबंध KOJM से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, NPRS का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A) ORST B) ORTT C) OSST D) OOPT

**Correct Answer: B**

**Q.88** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 458 652 748 351 591 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से गुणा किया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans A) 6 B) 8 C) 5 D) 7

**Correct Answer: B**

**Q.89** मनोज बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 25 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 17 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 28 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़ता है और 20 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans A) 3 km पश्चिम की ओर B) 2 km पूर्व की ओर C) 3 km पूर्व की ओर D) 2 km पश्चिम की ओर

**Correct Answer: C**

**Q.90** (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-4) × 7 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A) -40 B) -44 C) -43 D) -41

**Correct Answer: D**

**Q.91** यदि संख्या 15762349 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A) एक B) दो C) तीन D) एक भी नहीं

**Correct Answer: B**

Q.92 वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A) SUP B) KMG C) UWR D) EGB

Correct Answer: B

Q.93 संसद द्वारा राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित करने के बाद, इसके कानून बनने के लिए अगला अनिवार्य संवैधानिक चरण क्या है?

Ans A) राज्य विधानमंडलों द्वारा अनुसमर्थन B) राजपत्र में अधिसूचना C) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदन D) राष्ट्रपति की सहमति

Correct Answer: D

Q.94 केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत, बीमा क्षेत्र में FDI की सीमा को ____________ किया गया है।

Ans A) 51% से बढ़ाकर 100% B) 74% से बढ़ाकर 100% C) 49% से बढ़ाकर 74% D) 26% से बढ़ाकर 49%

Correct Answer: B

Q.95 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य को पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?

Ans A) अनुच्छेद 14 B) अनुच्छेद 42(b) C) अनुच्छेद 15 D) अनुच्छेद 39(d)

Correct Answer: D

Q.96 संख्याओं 16 और 24 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans A) 40 B) 36 C) 30 D) 32

Correct Answer: B

Q.97 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

32 52 68 80 88 ?

Ans A) 90 B) 92 C) 94 D) 96

Correct Answer: B

Q.98 तीन प्रिंटिंग मशीनें, P, Q और R, जब प्रत्येक मशीन अकेले काम कर रही होती है, तो क्रमशः 8 घंटे, 16 घंटे और 24 घंटे में एक लाख किताबें छाप सकती हैं। ये मशीनें बारी-बारी से एक-एक घंटे के लिए, P से शुरूआत करते हुए, फिर Q और उसके बाद R, किताबें छापती हैं। हालांकि, कुल 9 घंटे के बाद, P मशीन काम करना बंद कर देती है, लेकिन जब तक कि सभी एक लाख किताबें छप नहीं जाती, Q और R बारी-बारी से एक-एक घंटे के लिए काम करती रहती हैं, जिसमें Q, 10वें घंटे में भी काम करती है। मशीन Q और मशीन R को शेष किताबों को छापने में कुल कितने घंटे लगे?

Ans A) 15 B) 6 C) 12 D) 9

Correct Answer: B

Q.99 एक व्यापारी दो वस्तुएँ X और Y में से प्रत्येक को ₹500 में से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 50% और 28% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹958 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 77% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A) 85.3% B) 85% C) 86.3% D) 86%

Correct Answer: C

Q.100 तीन दोस्तों X, Y और Z ने 4 : 2 : 5 के अनुपात में निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 6 माह बाद, X ने अपनी पूंजी का आधा हिस्सा निकाल लिया। यदि Z द्वारा निवेश की गई राशि ₹23,000 है, तो ₹37,000 के कुल वार्षिक लाभ में से X और Y के बीच लाभ का अंतर क्या है?

Ans A) ₹5015 B) ₹3065 C) ₹3700 D) ₹4255

Correct Answer: C

"